RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 119 • 12:05:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

# गंगा सप्तमी और पुष्य नक्षत्र के अद्भुत संयोग में नामांकन दाखिल करेंगे पीएम

## • 13 मई को वाराणसी में होगा रोड शो, 14 को जमा करेंगे नामांकन

एजेंसी। वाराणसी



लोकसभा चुनाव के तीन चरण का मतदान पूरा हो चुका है। चौथे चरण का मतदान 13 मई सोमवार को होगा उसके दूसरे दिन यानी 14 मई को पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। 14 मई को गंगा सप्तमी और पुष्य नक्षत्र का अद्भुत संयोग है जो ज्योतिषशास्त्र के हिसाब से शुभ माना जाता है। ऐसे में इस नक्षत्र में नरेंद्र मोदी का नामांकन दाखिल करना उनके लिए शुभ बताया जा रहा है। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री और विद्वान ग्रहों के चाल और नक्षत्रों के आधार पर ऐसी गणना कर रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि गंगा सप्तमी के दिन ही परमपिता ब्रह्मा के कमंडल से गंगा की उत्पत्ति हुई थी। ज्योतिषशास्त्र में इस तिथि को पूर्ण तिथि माना जाता है। नकाशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में यदि किसी काम को किया जाता है तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। विद्वानों ने यह सब देखकर ही नरेंद्र मोदी को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए ये शुभ मुहूर्त सुझाया, जिसे पीएम मोदी ने स्वीकार भी किया। इस मुहूर्त में नामांकन पत्र दाखिल करने से देश का उत्थान होगा और पीएम मोदी का राष्ट्रहित में जो संकल्प है उसे भी मजबूत आधार मिलेगा। बता दें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उन्हें तो मां गंगा ने बुलाया है यह बात अब चरितार्थ होती भी दिख रही है। सूत्रों की माने तो 13 मई सोमवार को वाराणसी में रोड शो के बाद पीएम मोदी 14 मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 14 मई को नामांकन जमा करने से पहले पीएम मोदी मां गंगा का आशीर्वाद भी ले सकते हैं और वाराणसी में वो सुबह गंगा पूजन भी कर सकतें है। हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

## शाहजादे कान खोलकर सुन ले, कांग्रेस मुख्य विपक्ष भी नहीं बन पाएगी : मोदी

**कंधमाल।** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के कंधमाल में रैली को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 26 साल पहले आज के दिन अटल बिहारी वाजपयी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परिक्षण किया था... एक वह दिन था जब भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य का परिचय करवाया था और दूसरा कांग्रेस की सोच, कांग्रेस बार-बार लोगों को डराने की कोशिश करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा , वे कहते हैं संभल कर चलो पाकिस्तान के पास एटम बम है... यह मरे पड़े लोग यह देश के मन को भी मार रहे हैं। कांग्रेस का हमेशा ऐसा ही रवैया है... आज पाकिस्तान की हालत यह है कि अब वे बम बेचने के लिए निकले हैं। कांग्रेस के इसी कमजोर रवैये के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 60 साल तक आतंक भुगता है। देश ने इतने आतंकी हमले सहे हैं जो देश भूल नहीं सकता... 26/11 के मुंबई के भयंकर आतंकी हमले के बाद इनकी हिम्मत नहीं हुई की वे आतंकवाद के सरपरस्त पर कार्रवाई करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आज कांग्रेस को दो टूक कहूंगा, भारत के मुसलमान... कोई इधर-उधर जाएगा ऐसा मानने की कोशिश न करें। कांग्रेस के शहजादे आए दिन बयानबाजी कर रहे हैं। मोदी ने कहा , कांग्रेस को विपक्ष(संसद में) बनने के लिए लोकसभा की कुल संख्या का 10 प्रतिशत चाहिए। कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें... कांग्रेस इस देश में मान्य विपक्ष भी नहीं बन पाएगा। वे 50 सीटों (कांग्रेस) से नीचें सिमटने वाले हैं।

## जेल से छूटने के बाद केजरीवाल ने पत्नी के साथ की हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना

एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। आम चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के कुछ दिनों बाद 21 मार्च को उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार करने के बाद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में 50 से अधिक दिन बिताए। जमानत 1 जून तक लागू है, केजरीवाल को 2 जून को अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। केजरीवाल चुनाव प्रचार में भाग ले सकते हैं लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सकते। केजरीवाल ने कहा, मैंने जल्द ही वापस आने का वादा किया था, मैं यहां हूं। मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। देश भर में करोड़ों-करोड़ों लोगों ने मेरे लिए जो प्रार्थना की। मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी वजह से मैं आपके बीच में खड़ा हूं। मेरा आप सभी से बस एक अनुरोध है, हम लोगों को मिलाकर देश को तानाशाही से बचाना चाहिए। मैं अपने पास मौजूद हर चीज के साथ तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं और विरोध कर रहा हूं, लेकिन 140 करोड़ लोगों को तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने उनकी जमानत को लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने लिखा, हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। यह लाखों लोगों की प्रार्थनाओं और आशीर्वाद का परिणाम है। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। देशभर में इंडिया गुट से जुड़े विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि श्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई है। यह मौजूदा चुनावों के संदर्भ में बहुत मददगार होगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, उन्हें चुनाव के समय गिरफ्तार किया गया था और अब कोर्ट ने यह राहत दी है। उम्मीद है कि सरकार भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेगी। हालांकि, बीजेपी नेताओं ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि सीएम केजरीवाल निर्दोष साबित नहीं हुए हैं, लेकिन 1 जून तक जमानत पर बाहर हैं।

## ख़ास ख़बर

### तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर का पहला सी-ट्रायल चीन ने किया पूरा



**नई दिल्ली।** चीन ने तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर का पहला सी-ट्रायल पूरा कर लिया है। यह ट्रायल आठ दिन का था और यह सफल भी रहा। चीन ने कुछ महीने पहले ही अपना चौथा एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने का ऐलान किया है। चीन का चौथा एयरक्राफ्ट कैरियर न्यूक्लियर पावर सुपर कैरियर होगा। चीन ने पहला एयरक्राफ्ट कैरियर लियोनिंग 2012 में कमिशन किया था। 2017 में दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर शेडिंग लॉन्च किया। तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन का पहला ट्रायल हो गया है और करीब दो साल तक इसके ट्रायल होंगे। चीन का ये अबतक का सबसे बड़ा और अडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। इसका वजन 79000 टन है। इसका फाइटर जेट लॉन्च सिस्टम– इलैक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (ऐमल्स) है। अभी यूएस के पास जो दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर है, जैराल्ड फोर्ड उसमें यह लॉन्च सिस्टम है। चीन के पास जो दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं उनमें स्की जंप सिस्टम है। ऐमल्स सबसे अडवांस्ड सिस्टम है और इससे एयरक्राफ्ट आराम से टेकऑफ कर सकते हैं और भारी फाइटर जेट को भी टेकऑफ किया जा सकता है। जिससे पे लोड कैपिसिटी बढ़ जाती है। चीन ने पहले ही ऐलान किया था कि उसका टारगेट 2030 तक अपनी नेवी में 5 से 6 एयरक्राफ्ट कैरियर शामिल करने का है।

### केजरीवाल ने भी अनजाने में ही सही स्वीकारा, आयेंगे मोदी हीः भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अंतरिम जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से मामले का संज्ञान लेने की सिफारिश की है। पार्टी का कहना है कि स्वयं अपनी पार्टी में तानाशाही रवैया अपनाने वाले अरविंद कजेरीवाल प्रधानमंत्री को तानाशाह बता रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री केजरीवाल की ओर से की गई टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि वे भी मान चुके हैं कि देश में फिर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बन रही है। त्रिवेदी ने कहा कि हमारी पार्टी से नफरत करने वाले नेता अगर हमें 230 सीटें दे रहें हैं तो जनता अपने विवेक से अंदाजा लगा सकती है कि भाजपा की कितनी सीटें आ रही हैं। त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत देते समय कहा गया था कि वे अपने केस के सही या गलत होने पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हालांकि आज अपने भाषण में केजरीवाल ने कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है। यह जमानत की शर्तों का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट को इसका संज्ञान लेना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि तानाशाही की बात करने वाले केजरीवाल बताएं कि आंदोलन से खड़ी हुई पार्टी से एक-एक कर नेता कैसे बाहर हो गए।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की राजधानी पटना में की बैठक, कांग्रेस के दो नेताओं ने दिया इस्तीफा

एजेंसी। पटना



लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर भाजपा को मात देने की रणनीति तय की। हालांकि, कांग्रेस की बैठक के बीच ही कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा और अरविंद ठाकुर ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। दोनों नेताओं ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। विनोद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित और राज्यहित में दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस ने बिहार में जंगलराज-2 की शुरुआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली में लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस पूरे देश में खोटे सिक्के और धन कुबेरों को आगे बढ़ाना चाहती है। यही वजह है कि कांग्रेस पूरी तरह से समाप्त हो रही है। कांग्रेस नेता अरविंद कुमार ठाकुर ने भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राम मंदिर, जनसंख्या असंतुलन, सम्पत्ति बंटवारा आदि मसलों पर जनभावनाओं के प्रतिकूल सोच एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के चलते पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

## सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच तय करेगी तीन प्रदेश सरकारों का भविष्य

**काठमांडू।** नेपाल की तीन प्रदेश सरकारों के भविष्य का फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच करेगी। कोर्ट की अलग अलग बेंच में सुनवाई के बाद इन सभी मसलों को संवैधानिक बेंच में भेजने का फैसला किया गया है। कोशी प्रदेश में दो मुख्यमंत्रियों में से किसे आधिकारिकता प्रदान करने, गण्डकी प्रदेश में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर द्वारा सरकार के पक्ष में वोट कर बहुमत की संख्या पहुंचाए जाने और सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति में राज्यपाल की भूमिका को लेकर अब संवैधानिक बेंच फैसला करेगी। इन तीनों मुकदमों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने बताया कि चूंकि ये सभी मसला संविधान की व्याख्या से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई संवैधानिक बेंच में ही की जाएगी।

## पीएम मोदी का रविवार को पटना में रोड शो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राजधानी पटना की सड़कों पर भाजपा के समर्थन में रोड शो करेंगे। बिहार में पहली बार यह किसी प्रधानमंत्री का रोड शो होगा। भाजपा इसे मेगा शो बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रदेश भाजपा कार्यालय के मुताबिक रोड शो डाक बंगला चौराहा (श्रीराम चौक) से शुरू होगा। यह एसपी वर्मा रोड, एग्जीबिशन रोड चौराहा से उमा सिनेमा होते हुए कदमकुआं, साहित्य सम्मेलन, ठाकुरबाड़ी रोड और फिर उद्योग भवन पहुंचेगा। यहां रोड शो समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के पटना आगमन और रोड शो को लेकर कई मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। बताया गया है कि रविवार दोपहर बाद नेहरू मार्ग, एग्जीबिशन और फ्रेजर रोड पर वाहन नहीं चलेंगे। राज भवन, कदमकुआं, नाला रोड और अशोक राजपथ पर भी यातायात परिवर्तित रहेगा। शाम 6 बजे से पहले पटेल गोलंबर से एयरपोर्ट जाने वाले हवाई यात्रियों को टिकट दिखाकर जाने की अनुमित होगी। इसके बाद उन्हें वैकल्पिक मार्ग से एयरपोर्ट जाना पड़ेगा।

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Dr. Sanjay Jaiswal, Dr. M P Jaiswal Path, Bettiah -845438.**
Name of political party: **BHARTIYA JANTA PARTY**
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **DR. Sanjay Jaiswal** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM-III , Dhaka | Ghodasahan PS Case no. 165/2019 East Champaran dt. 12.05.2019 | Pending | U/s 147,149,341,323,295(A), 504,506, 171, (C) IPC &27 ARMS Act. Accused of creating illegal gathering, violence and spreading religious Frenzy during election. |
| 2 | ACJM-I , Kishanganj | Kishanganj PS 511/2019 dt 19/10/2019 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 3 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan PS 58/2017 East Champaran dt 18/02/2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 4 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jitna OP East Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 5 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jharokhar PS east Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

## दिल्ली- एनसीआर में धूल भरी आंधी के बाद बारिश

### कई उड़ानें भी प्रभावित

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने अपना रुख बदल लिया है। लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली है। तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चल रही है। कई जगह बिजली भी कड़क रही है। मौसम के बदलते मिजाज से इस बात की आशंका जताई जा रही है की जल्द ही तेज बारिश हो सकती है। कई जगह बादलों की गरज सुनाई दे रही है। इसी के साथ तापमान में गिरावट आई है। दिल्ली में अचानक से मौसम में बदलाव आया है। यहां मौसम काफी सुहाना हो गया है। धूल भरी आंधी के साथ काफी तेज रफ्तार से हवाएं चल रही है। कई जगह बिजली भी कड़क रही है। मौसम के बदलते मिजाज से इस बात की आशंका जताई जा रही है की जल्द ही तेज बारिश हो सकती है। कई जगह बादलों की गरज सुनाई दे रही है। इसी के साथ तापमान में गिरावट आई है। बता दें कि मौसम खराब हो जाने के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने वाली नौ उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली आने वाली कुछ उड़ानों को जयपुर भेज दिया गया है। वहीं मौसम विभाग ने धूल भरी आंधी के मद्देनजर लोगों को घरों के अंदर ही रहने और अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की सलाह दी। आईएमडी ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि लोग घरों के अंदर ही रहें, अपनी खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें और अनावश्यक यात्रा से बचें। आईएमडी ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रुकने और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी। मई का महीना शुरू होते ही लोगों को अक्सर यही शिकायत रहती है की काश कहीं बारिश की एक बूंद गिर जाए और इस चिलचिलाती गर्मी से राहत मिल जाए। तो दिल्ली वालों की ये दुआ आज कुबूल हो गई। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की देर रात मौसम ने पलटी मारी। धूल भरी आंधी के साथ काफी जोर से हवा चली। साथ ही कई जगह बिजली कड़कने की आवाजों से भी लोग थर्रा गए। काले बादलों ने आसमान को घेर लिया और बहुत तेज हवा के साथ बारिश की बूंदे गिरी तो लगा मानो जैसे किसी ने तीर मारा हो। बाहर का नजारा ऐसा था की हर तरफ केवल धूल ही धूल दिखाई दे रही थी।

## राहुल ने दिए कांग्रेस में बदलाव के संकेत, बोले गलतियां तो हुई हैं

**लखनऊ।** आने वाले समय में यानी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं। इसके संकेत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की। अब जानकार बयान के मायने निकाल रहे हैं। माना जाने लगा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी में बड़े बदलाव के संकेत हो सकते हैं। बता दें कि चुनाव के दौरान कई कांग्रेस नेता सक्रिय होकर ऐसे बयान देते हैं जिससे कई बार कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ता है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि 90 प्रतिशत आबादी एससी/एसटी, ओबीसी, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य समुदाय के गरीबों की है, जिन्हें समान भागीदारी नहीं दी जाती है।



## केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिर के खुले कपाट, लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**देहरादून।** अक्षय तृतीया के मौके पर शुभ मुहूर्त में केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही चारधाम यात्रा का भी श्रीगणेश हो गया। कपाटोद्घाटन के मौके पर मंदिरों और श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने पर बधाई दी। केदारनाथ धाम भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ के मंदिर के कपाट सबसे पहले सुबह सात बजे खोले गए। इस मौके पर हजारों भक्तों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सपत्नी मौजूद रहे। हालांकि सुबह चार बजे से ही मंदिर परिसर में दर्शन पंक्ति में यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। केदारनाथ मंदिर में प्रतिदिन दर्शन के लिए अधिकतम श्रद्धालु संख्या 18 हजार तय है पर, पहले दिन करीब 29 हजार भक्तों ने दर्शन किए। पहले दिन बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने भी अपने परिजनों के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। यमुनोत्री धाम यमुनोत्री मंदिर के कपाट भी शुक्रवार को अक्षय तृतीय के पर्व पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके पहले शुक्रवार सुबह मां यमुना की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास खरसाली (खुशीमठ) से अपने भाई शनिदेव की अगुवाई में यमुनोत्री धाम पहुंचीं। रोहिणी नक्षत्र की बेला पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ तीर्थ पुरोहितों की मौजूदगी में मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। यमुनोत्री में पहले दिन कुल 12193 भक्तों ने दर्शन किए। गंगोत्री धाम चारधाम में से एक गंगोत्री मंदिर के कपाट भी शुक्रवार को खुले।

## संक्षिप्त समाचार

### मक्के की पायोनियर पी-3526 किस्म का उत्पादन हुआ बेहतर

**भागलपुर**। कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से चयनित सीआरए गोराडीह के गोडरा में कृषक प्रकाश दास की खेत में मक्का की किस्म पायोनियर P-3526 की बुआई उच्च पंक्ति तकनीक से दिसंबर 2023 में की गई थी। इसे फसल कटनी प्रक्षेत्र दिवस में शुक्रवार को प्रदर्शित किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ कृषि अभियंता पंकज कुमार, डॉ. विशेषज्ञ मनीष राज, सहायक निदेशक रमेश कुमार रमण, सहायक तकनीकी पीयूष कुमार ने किसानों को प्रेरित किया। इस मौके पर रैंडम के आधार पर खेत में 10 मीटर लंबाई व पांच मीटर चौड़ाई के आयताकार प्रयोगात्मक खंड का निर्धारण किया गया। इसके बाद मक्के की कटाई की गई। इसमें 69 किलो 773 ग्राम मक्का का उत्पादन हुआ। एक हेक्टेयर में 139.55 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ।

### वैज्ञानिकों के ज्ञान के दायरे को समृद्ध करेगी कार्यशाला

**भागलपुर**। बीएयू, सबौर के अधिष्ठाता (कृषि) कार्यालय द्वारा नवनियुक्त वैज्ञानिकों के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सामाजिक विज्ञानों में शोध व शैक्षणिक क्षमताओं का निर्धारण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नई दिल्ली स्थित आईसीएआर में संयुक्त निदेशक प्रसार डॉ. आरएन पडारिया ने किया। जिसकी अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि डॉ. के साह ने की। डॉ. पडारिया ने कहा कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय ने पूरे भारत के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों से अत्यधिक योग्य वैज्ञानिकों की भर्ती की है। इन वैज्ञानिकों को कक्षा में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए अधिक प्रभावी शिक्षण विधियों और शैक्षणिक दृष्टिकोणों की ओर उन्मुख करने के महत्व पर बल दिया गया। उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नए शोध प्रस्तावों की समीक्षा की।

### भारतीय शिक्षा के प्रतिमान को ठीक करना होगा

**भागलपुर**। टीएनबी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग ने शुक्रवार को संगोष्ठी की। प्रज्ञा प्रवाह चिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामाशीष सिंह ने दीप जलाकर इसकी शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बताया कि भारतीय शिक्षा के प्रतीक एवं प्रतिमान को ठीक करना होगा। भारत में भारत के मन की शिक्षा देनी होगी। भारतीय अर्थशास्त्र भारत को समृद्धि की ओर ले जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था पुरुषार्थ चतुष्टय पर आधारित है। साथ ही कौटिल्य के अर्थशास्त्र, बृहस्पति नीति, शुक्र नीति की चर्चा की। भारत में सोने के सिक्के यानी हिरण्य पिंड से विनिमय होता था, ऐसी संस्कृति कितनी समृद्धि रही थी, इसकी चर्चा की। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सच्चिदानंद पांडेय ने की। विषय प्रवेश प्रो. संजय कुमार झा ने कराया और संचालन डॉ. सुमन कुमार ने किया।

### विधि के छात्रों के लिए संयमित व मर्यादित होना आवश्यकः रामचरित्र

**मुंगेर**। मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन संचालित विश्वनाथ सिंह विधि संस्थान में शुक्रवार को विधि स्नातक शैक्षणिक सत्र 2020-23 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रामचरित्र प्रसाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेर विधिज्ञ संघ के वरीय अधिवक्ता चंद्रभानू साहू व मुंगेर विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डा. प्रियरंजन तिवारी शामिल हुए। प्राचार्य डा. राजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कालेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व इस शैक्षणिक सत्र के सभी विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विधि के छात्रों के लिए संयमित व मर्यादित होना आवश्यक है। विधि व्यवसाय वह व्यवसाय है, जिसके लिए संसद से एडवोकेट एक्ट 1961 पारित किया गया है। ऐसा किसी अन्य पेशे से जुड़ा कानून नहीं बना है। ऐसे में सभी एलएलबी उत्तीर्ण विद्यार्थी विधि क्षेत्र की मर्यादा को समझें तथा तदनुसार कार्य करें। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि अब तक सभी विद्यार्थियों ने केवल किताबी ज्ञान प्राप्त किया है। अब शीघ्र ही सभी पंजीयन के बाद विधिज्ञ संघ के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने कहा कि विधि समाज के सभी वर्ग और पेशे को प्रभावित करता है। प्राचार्य डा. राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि व्यवहारिक ज्ञान ही व्यक्ति को पहचान दिलाता है।

### गाली गलौज, मारपीट का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

**टेटिया बंबर**। प्रखंड क्षेत्र के नोनाजी पंचायत अंतर्गत भलगुडी गांव में एक शराबी के द्वारा शराब पीकर अपने बड़ी भाभी के साथ मारपीट व गाली गलौज करना उस वक्त महंगा पड़ गया। जब ग्रामीणों ने इसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वहीं मामले में ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना टेटिया बंबर थाने पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पहुंचकर पुलिस ने हंगामा कर रहे शराबी दिवाकर यादव को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद गिरफ्तार के परिजनों ने पुलिस के साथ जोर जबरदस्ती कर उसे छुड़ाने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर पुलिस गिरफ्तार शराबी को लेकर वहां से निकल पड़ी। वहीं थाना अध्यक्ष तारकेश्वर कुमार ने बताया कि दिवाकर यादव अपनी बड़ी भाभी नदीक देवी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहा था। उनके पति बाहर में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। गिरफ्तार दिवाकर यादव को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया घटना गुरुवार की देर रात की है।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत से खुशी

**मुंगेर**। जिले के खेल प्रेमियों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत से खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि रिचा घोष की तेज तर्रार पारी के बाद राधा यादव की शानदार गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश के विरुद्ध पांचवें और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक वर्गीज कोशी का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कोशी शतरंज के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे। जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा। खेल प्रेमी अफसाना परवीन, सानिया परवीन, कविता जैन, श्यामा रानी, रंजीता सिंह आदि ने संयुक्त रूप से भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों को बांग्लादेश को क्लीन स्वीप करने पर बधाई दी है। साथ ही शतरंज के मास्टर तथा ट्रेनर वर्गीज कोशी के निधन पर गहरा शोक भी व्यक्त किया है।

### गंगा दर्शन क्रूज अब हर रविवार को बाबूपुर से बटेश्वर स्थान तक चलेगा

**सबौर**। सबौर के बाबूपुर गंगा घाट से रविवार से गंगा दर्शन क्रूज का परिचालन शुरू होगा। क्रूज बाबूपुर से कहलगांव के बटेश्वर स्थान तक केवल रविवार को चलेगा। इस पर पर्यटक 12 घंटे सफर कर आनंद उठा पाएंगे। इसके लिए 1100 रुपए का टिकट लगेगा। इससे पहले 300 रुपए लगते थे। क्रूज के निदेशक निखिल कुमार ने बताया कि सुबह 8 बजे क्रूज बाबूपुर घाट से खुलेगा और साढ़े 10 बजे कहलगांव स्थित बटेश्वर स्थान पहुंचेगा। पर्यटक स्थल व अन्य स्थलों के दर्शन के बाद बटेश्वर स्थान से दोपहर ढाई बजे खुलेगा और रात 8 बजे वापस बाबूपुर घाट पहुंचेगा। इस बीच क्रूज पर सवार लोग के लिए चार बार चाय, नाश्ता के साथ लजीज व्यंजन की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त पैसे नहीं लगेंगे। क्रूज पर गाइड व सुरक्षा के लिए बाउंसर की टीम भी रहेगी। बच्चों के लिए विशेष गेम, म्यूजिक, लाइट व इंटरटेनमेंट की व्यवस्था रहेगी।



# गर्भपात कराने वाली महिला की मौत, क्लीनिक का संचालक फरार

## सीएस ने कहा- विभाग से रजिस्ट्रेशन नहीं था, होगी जांच

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के अलीगंज रोड स्थित जिस आदर्श क्लीनिक में घोंघा आलोपुर की 25 वर्षीय महिला खुशबू का गर्भपात करवाया गया था। गुरुवार को मायागंज अस्पताल में उस महिला की मौत के बाद से संचालक क्लीनिक बंद कर फरार है। भर्त्ती मरीजों को भी किसी दूसरी जगह शिफ्ट करवा दिया है। सिविल सर्जन मामले की जांच करवाएंगे। क्लीनिक का स्वास्थ्य विभाग से रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसलिए वह अवैध क्लीनिक है। इससे पहले भी एक व्यक्ति ने लिखित शिकायत की थी। जिसके आधार पर जांच टीम गठित हुई थी, लेकिन जांच नहीं हो सकी थी। मामले को लेकर सिविल सर्जन डॉ. अंजना कुमारी ने कहा है कि उस क्लीनिक का स्वास्थ्य विभाग से रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। पहले भी एक व्यक्ति ने लिखित शिकायत की थी। इसी आधार पर जांच टीम गठित हुई थी। लेकिन जांच नहीं हो सकी थी। अब दोबारा वहां टीम भेजकर जांच करवाएंगे।

**महिला के पेट में दर्द होने लगा थाः** घोंघा आलोपुर के रहने वाली खुशबू कुमारी (25) की मौत गुरुवार की शाम मायागंज अस्पताल में गई थी। उसका गर्भपात अलीगंज रोड स्थित आदर्श क्लीनिक में कराया गया था। डॉक्टर ने सलाह दी थी कि नवजात को कोई गंभीर बीमारी है। रखने से लाभ नहीं है। इसके बाद उसने गर्भपात करवा लिया। 20 दिन बाद उसके पेट में दर्द रहने लगा। जब असहनीय पीड़ा हुई तो वह क्लीनिक में शनिवार को दोबारा आए। अल्ट्रासाउंड जांच में पता चला कि पेट के अंदर घाव बन गया। रविवार को उसके घाव की सफाई हुई। रात में हालत बिगड़ी तो क्लीनिक वालों ने मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है की खुशबू के गर्भाशय में ज्यादा प्रेशर देने से उसकी आंख फट गई। अस्पताल के डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया पर उसकी जान नहीं बची। हंगामे के डर से संचालक क्लीनिक बंद कर फरार हो गया।

# ललन सिंह के लिए मंत्री संतोष कुमार ने मांगा वोट



जमालपुर के महादलित टोला में की सभा, कहा-सब सीटों पर मिलेगी जीत

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर लोकसभा के लिए आज प्रचार-प्रसार करने का अंतिम दिन है। शनिवार को एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह के लिए लोगों से वोट देने की अपील करने के लिए मंत्री संतोष कुमार सुमन जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के इंद्रुख पूर्वी पहुंचे। वहां गौरीपुर स्थित महादलित टोला में नुक्कड़ जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जहां भी घूम रहे है और सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट देना चाहते है। पूरा बिहार मोदी मय है एनडीए मय है। एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह इस चुनाव में 3 लाख से अधिक मतों से चुनाव जीतने जा रहे है। बिहार के सभी लोग विकास के लिए वोट देंगे। इसके साथ ही बिहार के सभी 40 सीट भी जीतेंगे। मौके पर हम के नेता नीलेश सिंह, राजेश जैन, मनोज कुमार सिंह, सहित भारी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विक्रमशिला सेतु पर 5 किलोमीटर तक लगा जाम, फंसे कई अधिकारी

## राहगीरों को हुई परेशानी, अतिरिक्त पुलिस जवानों ने छुड़वाया जाम

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर से पुलिस जिला नवगछिया को जोड़ने वाली विक्रमशिला सेतु पर शुक्रवार को घंटो जाम की स्थिति बनी रही। जिसे आम रागीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंचे (TOP हाईलेवल) परवत्ता पुलिस ने मक्कसत के बाद जाम को छुड़वाया। आपको बता दे की शुक्रवार को विक्रमशिला सेतु के पाया नंबर 85 और 101 के समीप हाईवे और ट्रक खराब हो गया था। जिसके कारण से जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। आम राहगीरों को इस जाम से काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। मोटरसाइकिल सवार पैदल चलने वाले यात्री रूट से निकलते दिखे। जबकि इस जाम में कई अधिकारी फंसे रहे।

**अतिरिक्त पुलिस बल ने छुड़ाया जामः** जाम में फंसे बाराती गाड़ी से सूरज ने बताया कि पिछले 45 मिनट से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वाहनों की करीब 5 किलोमीटर तक लंबी कतार लगी हुई है उन्होंने आगे बताया कि आगे ट्रक खराब हो जाने के कारण से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विक्रमशिला सेतु एकमात्र रास्ता है। जो भागलपुर से नवगछिया जोड़ती है। इस रास्ते में जाम की समस्या होने से हजारों की संख्या में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भागलपुर के तिलकामांझी से बाराती गाड़ी लेकर खगड़िया के तरफ जाना है। लेकिन जाम की स्थिति होने की वजह से काफी लेट हो गया। हालांकि जाम की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल ने जाम को किसी तरह छुड़ाया। खराब ट्रक वह हाईवे को पुलिस ने जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई।

# ABVP ने सभी कॉलेज को कराया बंद, विद्यार्थी परिषद कुलपति से मांग रहे इस्तीफा

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ पांचवें दिन भी विश्वविद्यालय में किया प्रदर्शन

भागलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर द्वारा पांचवे दिन शुक्रवार को भी कुलपति भगाओ विश्वविद्यालय बचाओ अभियान जारी रहा। शुक्रवार को परिषद के तमाम सभी कॉलेज इकाई के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में काली पट्टी लगाकर छात्र हितों के समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कॉलेज स्तर पर किया गया। उसके बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सभी विभागों में जाकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। भागलपुर नगर के सभी कॉलेजों में कॉलेज अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें टीएनबी कॉलेज का अध्यक्ष अंकित कुमार, मारवाड़ी कॉलेज कॉलेज अध्यक्ष शिवसागर, बीएन कॉलेज मैं कॉलेज अध्यक्ष अंकित आनंद के नेतृत्व में किया गया।

**'नैतिकता बची हो तो तुरंत इस्तीफा दें'**: ABVP के जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि विश्वविद्यालय में पहले शैक्षणिक अराजकता भ्रष्टाचार पर लगातार हमारा आंदोलन जारी है। कुलपति के छात्र विरोधी रवैया से विश्वविद्यालय के छात्र कर्मचारी शिक्षक एवं अन्य सभी पूर्ण रूप से परेशान हो चुके हैं। कुलपति का एक ही एजेंडा है। विश्वविद्यालय में छात्रों की कर्मचारियों की शिक्षकों की समस्या का समाधान होना हो। लेकिन उनके जेब भरने का भीम चला रहे कई प्रकार के घटना हम सभी के सामने हैं कुलपति को छात्रों के लिए मार्कशीट देने के लिए पैसा नहीं है। लेकिन अपने कुलपति आवास को सजाने के लिए अनाप-शनाप पैसे का इस्तेमाल विश्वविद्यालय कर रही है। जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं उन्हें बता दूं यह पैसा छात्रों का है और इसे कुलपति को लूटने नहीं दूंगा यह आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा जब तक इस विश्वविद्यालय से ऐसे छात्र विरोधी कुलपति को यहां से भाग नहीं दिया जाए अगर कुलपति में थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो तुरंत इस्तीफा दे।

**ऑनलाइन प्रक्रिया को ठीक करने की पूरी व्यवस्थाः** वहीं, छात्र नेता कुणाल पाण्डेय ने कहा कि आज कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम कर छात्रों को कुलपति की भ्रष्ट नीतियों की जानकारी छात्रों को दिया है एवं एक ओर विश्व के सभी विश्वविद्यालय को ऑनलाइन प्रक्रिया की ओर ले जाया जा रहा है और तिलकामांझी विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रक्रिया को बंद कर एक बड़ी उगाही करने का प्रयास कुलपति द्वारा किया जा रहा है जबकि विश्वविद्यालय के पास अपने शिक्षकों के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया को ठीक करने की पूरी व्यवस्था है। अगर कुलपति से ऑनलाइन व्यवस्था या कोई कंपनी नहीं आना चाह रही है तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं उनसे जुड़े शिक्षक ऑनलाइन प्रक्रिया को विश्वविद्यालय में बहस करने के लिए सक्षम है। कुलपति चाहे तो हम सहयोग करने के लिए तैयार है विद्यार्थी परिषद अपने कार्यकर्ताओं के एवं शिक्षकों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को समस्या से बाहर निकालने के लिए उन्हें ऑनलाइन प्रवेश और परिणाम देने के लिए तैयार है अगर विश्वविद्यालय सहयोग लेना चाहती है तो हम पूरी सहयोग के साथ डिजिटल व्यवस्था 7 दिन में बहस कर देंगे जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों का ऑनलाइन नामांकन पहले की तरह लिया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय का खर्च भी बचेगा लेकिन कुलपति ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से करने के लिए हमें लगता है ऑनलाइन पोर्टल वाले से इनका डील अभी तक नहीं हो पाया है जो इन्हें 10% 20% यानी कि जो सबसे ज्यादा परसेंटेज देगा। उनके साथ यह डील करेंगे। तभी जाकर ऑनलाइन व्यवस्था सुचारू रूप से चलेगा नहीं तो छात्रों के भविष्य से इनका कोई लेना-देना नहीं है।

# राजद उम्मीदवार के लिए सभा करने बरियारपुर पहुंचेंगे तेजस्वी यादव

## मुंगेर लोकसभा के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन, 4 बजे के बाद सब बंद

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। इस सीट के लिए शनिवार के शाम 4 बजे तक प्रचार-प्रसार थम जाएगा। अंतिम दिन लोगों को अपनी तरफ करने के लिए सब पार्टी ने जोर लगा दिया है। एक ओर एनडीए के नेता सभा के लिए तैयार है तो दूसरी ओर महागठबंधन के नेता भी दम दिखाने में लगे हुए है। इस क्रम में शनिवार को बरियारपुर के महादेव मैदान में दोपहर 2:30 बजे राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता के लिए प्रचार करने तेजस्वी यादव पहुंचेंगे। बता दे कि मुंगेर लोकसभा में कुल 20 लाख 41 हजार मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें 10 लाख 82 हजार महिला मतदाता है। लोकसभा क्षेत्र में कुल 2029 मतदान केंद्र बनाया गया है। इसमें 119 संवेदनशील मतदान केंद्र है जहां पर विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा इस बार चुनाव में पहली बार वोट डालने वाले 29 हजार 890 मतदाता है।

### 4 बच्चों की मां ढोंगी बाबा के साथ फरार

**भागलपुर**। भागलपुर में एक महिला अपने चार बच्चों को छोड़कर ढोंगी बाबा के साथ फरार हो गई। अब पति अपनी पत्नी की फोटो लेकर अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगा रहा है। न्याय की गुहार लगाने के लिए आज शंकर मंडल एएसपी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी उषा देवी (32) चार बच्चों की मां है। वो 18 जून 2023 से ही संत शरण बाबा (40) के साथ घर से फरार हो गई है। शंकर मंडल ने कहा कि जब मैंने पत्नी से बात करने की कोशिश की तो उसने कहा- FIR कर दीजिए, जब तारीख पर कोर्ट में आएंगे तो हम दोनों की बात होगी। मामला गोराडीह थाना क्षेत्र का है। संत शरण बाबा पिछले कई महीनों से पीड़ित के घर आता-जाता था, लेकिन पति शंकर मंडल को इसकी जानकारी नहीं थी। पत्नी के फरार हो जाने की जानकारी के बाद शंकर मंडल ने स्थानीय पुलिस से लिखित शिकायत की थी।

# बिहार कप सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की शुरुआत, 14 जिलों से 65 सीनियर खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

एजेंसी, पटना।

पटना के पाटलिपुत्र टेनिस सेंटर में बिहार कप सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की आज से शुरुआत हो गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर हाई परफार्मेंस डायरेक्टर, खेलो इंडिया सेंटर के राजेंद्र पठानिया, समाजसेवी आलोक आजाद और सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

**14 जिलों के 65 खिलाड़ी ले रहे हिस्साः** तीन दिवसीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन पुरुष व महिला वर्ग के अलग-अलग इंडिविजुअल सिंगल्स इवेंट खेले गए। इस प्रतियोगिता की शुरुआत खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच अभ्यास करने के लिए की गई है। पाटलिपुत्र सॉफ्ट टेनिस अकादमी सह सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया इस प्रतियोगिता में लगभग 14 जिलों से 65 सीनियर खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। आज के मैच में पुरुष वर्ग में दीपक (बक्सर) ने अंकित (कटिहार ) को 3-0, रवि कुमार मेहता (पटना ) ने संजीव कुमार (रोहतास) को 3-0, अभिषेक राज (पटना) ने रोशन कुमार (कैमूर) को 3-0, संजीव कुमार (जहानाबाद) में राहुल पाल (कैमूर) को 3-0, सत्यम कुमार (रोहतास) में वरुण राज (भोजपुर) को 3-0, कुमार अमरेश (भोजपुर) ने विशाल कुमार (पश्चिम चंपारण) को 3-0 जयंत कुमार (भागलपुर) में विनोद कुमार (वैशाली) को 3-1 से हराया। इसके अलावा महिला वर्ग में साक्षी (वैशाली) ने प्रियंका कुमारी (कटिहार) को 3-1, मेधावी (पटना) ने एंजेल (भागलपुर) को 3-0, बंदना (वैशाली) ने सुप्रिती (पटना) को 3-0 से हराया।

**हम जीतेंगे और जरूर जीतेंगेः** मुख्य अतिथि राजेंद्र पठानिया ने कहा कि खेल को हमेशा जीतने के लिए खेलना है। हम जीतेंगे और जरूर जीतेंगे, यही लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने बच्चों से बहुत सारी बातें की। साथ ही तकनीकी ज्ञान भी दिया। पठानिया ने कहा कि बिहार सॉफ्ट टेनिस का यह प्रयास एक दिन जरुर रंग लाएगा। इस अवसर पर आलोक आजाद ने कहा सॉफ्ट कि टेनिस निरंतर अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को अच्छा से अच्छा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मैं इनको शुभकामना देता हूं।


Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **NAFISH AHMAD,** Ward No.-6 Naniyar Toll Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Nafish Ahmad** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Kishor Gaurav JM 1st Bettiah , West Champaran | 559/2020 kali bagh OP Bettiah Town West Champaran | Wair for Cognizance | U/S ,323,341,324,325,279, IPC Assault and Injured |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

## संक्षिप्त समाचार

### पटना वीमेंस कॉलेज को नैक से A++ ग्रेड मिला

**पटना।** पटना विमेंस कॉलेज को नैक की ओर से A++ ग्रेड मिला है। नैक पीयर टीम ने 2 और 3 मई को कॉलेज का मूल्यांकन किया था। इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्य सिस्टर एम रश्मि एसी ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सभी की मेहनत और लगन के कारण कॉलेज को इतना अच्छा ग्रेड मिला है। नैक पीयर टीम की ओर से कॉलेज की बेहतरी के लिए अनुशंसा की गई है। इनमें नए यूजी और पीजी कोर्सेस की शुरुआत का सुझाव भी दिया गया था, जिस पर पर जल्द कार्य किया जाएगा। नैक द्वारा सात बिंदुओं पर कॉलेज का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कॉलेज को कुल 4 में से 3.51 सीजीपीए प्राप्त हुआ है। सात बिंदुओं में करिकुलर आस्पेक्ट में 3.67, टीचिंग,लर्निंग एंड इवोल्यूशन में 3.64, रिसर्च इनोवेशन एंड एक्सटेंशन में 2.89, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड लर्निंग रिसोर्सेज में 3.65,स्टूडेंट सपोर्ट एंड प्रोग्रेसन में 2.99, गवर्नेंस लीडरशिप एंड मैनेजमेंट में 3.75 और इंस्टीट्यूशनल वैल्यू एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज में औसत 3.94 ग्रेड प्वाइंट मिला है।

### मगध महिला कॉलेज में कल तक कर सकती हैं आवेदन

**पटना।** मगध महिला कॉलेज में बीए, बीएससी चौथे सेमेस्टर की छात्राएं कल तक यानी कि 12 मई तक अपना नामांकन करा सकती हैं। नामांकन फॉर्म कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है। फॉर्म ऑनलाइन मोड में भरा जाएगा, जिसकी फीस 170 रुपए है। कॉलेज की तरफ से साफ कहा गया है कि छात्राएं अपना ऑनलाइन आवेदन सही भरे वरना उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। नामांकन फॉर्म भरने के लिए मगध महिला कॉलेज के ऑफिशियल वेबसाइट www.magadhmahilacollege.org पर जाकर आवेदन करना होगा। नामांकन फॉर्म भरने के बाद नामांकन शुल्क, नामांकन फॉर्म, सेमेस्टर-1, सेमेस्टर-II और सेमेस्टर-III की मार्कशीट की कॉपी के साथ छात्राएं अपने विभाग में जमा करेंगी। इसके अलावा 15-16 मई को मगध महिला कॉलेज और पटना लॉ कॉलेज के सहयोग से 'बौद्धिक संपदा अधिकार अवसर एवं चुनौतियां' विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कानून, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, फार्मा और मीडिया विषयों आदि के क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों, शिक्षाविदों और अनुसंधान विद्वान अपना रजिस्ट्रेशन कर जुड़ सकते हैं।

### गया, जमुई, रोहतास और किशनगंज में झमाझम बारिश, बांका समेत कई जिलों में छाए बादल

**पटना।** बिहार में शनिवार को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली। गया, जमुई, रोहतास और किशनगंज में झमाझम बारिश हुई है। बांका, पटना समेत कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। 2 दिनों से बिहार के कई जिलों में बारिश हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के बड़गांव में आकाशीय बिजली ताड़ के पेड़ पर गिरी। पेड़ पर बिजली गिरते ही आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के 15 जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया था। जिसमें जमुई, बांका, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा,पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर,सीतामढ़ी और मधुबनी शामिल हैं। इन जिलों में मेघ गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। मौसम विभाग की माने तो शनिवार को राज्य के उत्तरी भाग में कुछ जगहों पर आंशिक बारिश हो सकती है। पटना में आज मौसम सामान्य बना रहा। दिन में धूप निकली। मौसम विभाग की माने तो शाम में हवाएं भी चलेंगी, जिसके कारण से गर्मी का एहसास कम होगा। वही शुक्रवार को पटना के अधिकतम तापमान में 5.1 डिग्री बढ़ोतरी दर्ज की गई। पटना का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, 38.5 डिग्री सेल्सियस के साथ औरंगाबाद में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

### मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- बेरोजगारी और गरीबी से जनता त्रस्त है, इस बार जवाब देगी

**पटना।** मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अब तक तीन चरणों में 285 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। आज शाम 5 बजे तक चौथे चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार रूक जाएगा। 13 तारीख को 96 सीटों के लिए मतदान होगा। शुक्रवार को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में प्रचार कर रहा था। पीएम मोदी के लिए सरकार बना पाना अब अत्यंत मुश्किल है। शुक्रवार को पीएम मोदी और कांग्रेस दोनों की पब्लिक रैली थी। इसके बाद लगा कि भाजपा के खिलाफ जनता में बहुत बड़ा आक्रोश है। बेरोजगारी, गरीबी इतनी बढ़ रही है कि सामान्य जनता उसमें सह नहीं पाती है। सभी लोग परेशान हैं कि मोदी जी ने पहले बहुत सारे नौकरियों के वादे किए थे। 20 करोड़ नौकरियां देनी थी, जो नहीं दे पाए हैं। अब उसके बारे में कुछ नहीं बोलते। महंगाई के बारे में वह कुछ नहीं बोलते हैं। अपने भाषण में कहीं भी जिक्र नहीं करते हैं।




उन्होंने जो वादे किए थे, उस पर कुछ बात नहीं करते हैं। डेवलपमेंट में उन्होंने क्या किया। पिछले 10 साल में उसके बारे में वह बात नहीं करते। मोदी सरकार में कई मुख्यमंत्री को जेल में भेजा गया। इस सवाल के जवाब में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जिन-जिन लोगों पर सीबीआई, ईडी की ओर से कार्रवाई की गई है। कानून के तहत कार्रवाई नहीं की गई है। इलेक्शन को तबाह करने के लिए जो काम किया गया है। उनको देखते हुए जरूर वापस लेंगे। लेकिन अगर किन्हीं पर कानून को देखते हुए केस किए गए हैं तो उन पर हम कानून के तौर पर ही चलेंगे। नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे तो क्या राहुल गांधी बनेंगे। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेता मिलकर जो निर्णय लेंगे, वही इस देश का प्रधानमंत्री बनेगा।

### परीक्षा माफिया ने एक महीना पहले ही कहा था- नीट यूजी का पेपर लीक होगा

**पटना।** नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सोशल मीडिया एक्स पर फरार परीक्षा माफिया बिजेंद्र गुप्ता का वीडियो वायरल हो गया है। करीब एक माह पहले यह वीडियो शूट किया गया था। इसे यूट्यूब पर 24 मार्च को पोस्ट किया गया। वायरल वीडियो में 1.19 मिनट पर बिजेंद्र कह रहा है-नीट की परीक्षा लेने वाली संस्था ध्यान दे। विशाल चौरसिया जेल में रहते हुए नीट का पेपरलीक करा देगा। उसका संबंध प्रिंटिंग प्रेस के मालिक से है। बिजेंद्र ने पहले हुई कई प्रतियोगी परीक्षाओं पर सवाल उठाया और गिरोह के कई माफियाओं का नाम लिया जो प्रश्नपत्र लीक कराते हैं। बिजेंद्र गुप्ता करीब दो साल से दानापुर में दर्ज एक केस के मामले में फरार चल रहा है। इसके बाद उसे ओडिशा की बालासोर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहां से वह जमानत पर बाहर आया। अब बिजेंद्र का नाम बीपीएससी शिक्षक बहाली प्रश्नपत्र लीक मामले में भी आया है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग का निलंबित अकाउंटेंट विशाल चौरसिया शिक्षक बहाली पेपरलीक मामले में जेल में है। नीट पेपरलीक में 11 मेडिकल छात्र, पारा मेडिकल कॉलेज की एक महिला लेक्चरर सहित 24 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इनमें कई परीक्षा माफिया भी हैं। इन्हीं माफियाओं ने मेडिकल कॉलेज के छात्रों को 5 लाख से 8 लाख देकर सॉल्वर बनाया था। ये बिहार, गोवा और महाराष्ट्र के मेडिकल कॉलेजों के छात्र हैं। हालांकि दानापुर पुलिस ने जिस फौजिया को परीक्षा देते गिरफ्तार किया वह पारा मेडिकल कॉलेज की लेक्चरर है। कटिहार के कोढ़ा थाने की पुलिस ने पावापुरी मेडिकल कॉलेज के सेकेंड ईयर के छात्र श्यामसुंदर, अशरफ आवेदी, अमित कुमार, रंजन कुमार, अकरम अहमद, सावन कुमार, नितिन कुमार को गिरफ्तार किया। पूर्णिया पुलिस ने राजस्थान के जालौर जिले के सहचौर के रहने वाले कमलेश कुमार को गिरफ्तार किया। कमलेश जीएमसी बंबोली गोवा का छात्र है। भोजपुर के बिहिया थाना निवासी नीतीश कुमार एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर का छात्र है। बेगूसराय के मटिहानी थाना निवासी सौरभ कुमार डीएमसीएच और सीतामढ़ी के चोरौत थाने के बड़ी बिहटा के मयंक चौधरी उर्फ कृष्णा कुमार चंद्रपुर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज महाराष्ट्र का छात्र है। ईओयू अब इन जिलों में दर्ज कांड की भी जांच करेगी। साथ ही ईओयू गिरफ्तार मेडिकल छात्रों के कॉलेजों से भी संपर्क करेगी।

# पटना में 12 मई को बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

## ◆ पीएम के रोड शो को लेकर रूट चार्ट जारी, एयरपोर्ट-जंक्शन जाने के लिए इन रास्तों का करें इस्तेमाल

**एजेंसी, पटना।**

पटना में 12 मई को पीएम नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रोड शो को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। प्रशासन की ओर से रूट चार्ट जारी किया गया है। इस दौरान अग्निशमन, एंबुलेंस, मरीजों के वाहन, शव वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, चुनाव कार्य से जुड़े वाहन और पास धारक वाहनों को छूट रहेगी। पटना जंक्शन जाने के लिए करबिगहिया छोर का प्रयोग करें। सगुना मोड, राजाबाजार की ओर नेहरू पथ (बेली रोड) होकर पटना जंक्शन जाने वाले वाहन नेहरू पथ पर डुमरा चौकी से पटना एयरपोर्ट पश्चिमी गेट होते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 05 तिराहा से आमुकोढ़ा मोड़ से टमटम पड़ाव होकर अनिसाबाद गोलंबर से चितकोहरा दक्षिण से गर्दनीबाग से मीठापुर होते हुए जीपीओ ऊपर से करबिगहिया जा सकते हैं। सगुना मोड़, राजाबाजार से जगदेवपथ रोड होते हुए आमुकोडा मोड़ से टमटम पड़ाव से अनिसाबाद गोलंबर से चितकोहरा दक्षिण से गर्दनीबाग से मीठापुर होते हुए करबिगहिया जा सकते हैं। राजीवनगर, पाटलिपुत्रा, दीघा, कुर्जी, बोरिंग रोड आदि क्षेत्र से पटना जंक्शन जाने वाले निजी वाहन अटल पथ से आर ब्लॉक होते हुए जीपीओ गोलंबर नीचे से पटना जंक्शन जा सकते हैं। राजीवनगर, पाटलिपुत्रा, दीघा, कुर्जी, बोरिंग रोड आदि क्षेत्र से पटना जंक्शन जाने वाले वाहन कुर्जी मोड़ से पाटलिपुत्र से बोरिंग रोड होते हुए बोरिंग रोड चौराहा से हड़ताली लोहियाचक्र पथ नीचे से दारोगा राय पथ से वीरचन्द पटेल पथ से आर ब्लॉक होते हुए जीपीओ गोलंबर के नीचे से पटना जंक्शन जा सकते हैं। पटना सिटी, गायघाट, आलमगंज की ओर से पटना जंक्शन जाने वाले वाहन गायघाट पुल नीचे से डंका ईमली चौक से एनएमसीएच होते हुए अगमकुआं आरओबी ऊपर से पुरानी बाईपास होकर राजेन्द्रनगर टर्मिनल से चिरैयाटाड़ पुल होकर करबिगहिया की ओर जा सकते हैं।




## पीएम के रोड शो को लेकर स्पेशल गाड़ी तैयार

### कारकेड रिहर्सल में किया गया शामिल, पूरे पटना में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**पटना।** पटना में पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए स्पेशल गाड़ी को तैयार कर लिया गया है। यह पूरी तरह से हाईटेक और लग्जरी है। शनिवार को कारकेड के रिहर्सल के दौरान गाड़ी को भी शामिल किया गया। गाड़ी पूरी तरह से भगवा कलर में रंगी हुई है। इस पर पीएम की तस्वीर लगी हुई है। इस गाड़ी को इस डिजाइन से बनाया गया है कि पीएम खड़े रहेंगे तब भी एसी की हवा उनके चेहरे तक पहुंचेगी। वहीं, पीछे बैठने की भी व्यवस्था है। वहीं पर लाइटिंग का भी अच्छा प्रबंध किया गया है।



**साढ़े चार किलो मीटर की दूरी करेंगे तयः** इसी गाड़ी पर सवार होकर पीएम न्यू डाकबंगला चौराहा, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, पिरमुहानी होते हुए जेपी गोलंबर तक साढ़े चार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसके लिए निर्धारित रूट पर रिहर्सल भी किया जा रहा है। गाड़ी को पूरी तरह से सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है।

**सोमवार सुबह 6 बजे तक मालवाहक की इंट्री नहींः** जिन मार्गों पर रोड शो होगा, उन पर शनिवार की रात 10 बजे से सोमवार की सुबह 6 बजे तक ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप वैन या अन्य मालवाहक वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यही नहीं पटना के सभी वीवीआईपी इलाकों में भी इस दौरान मालवाहक वाहनों की इंट्री नहीं होगी। अगर कोई मालवाहक वाहन इस एरिया में प्रवेश करेगा तो जब्त हो जाएगा साथ ही जुर्माना भी भरना पड़ेगा। इधर, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। रोड शो वाले मार्ग पर तीन हजार पुलिसकर्मी, थाना की पुलिस के साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल और रैफ के जवान तैनात रहेंगे। किसी ने बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की तो जेल भेजा जा सकता है। हर तीसरे भवन पर जवान की तैनाती रहेगी। एसएसपी राजीव मिश्रा ने सभी पुलिस अफसरों और थानेदारों को सघन जांच अभियान चलाने को कहा है। होटलों, मॉल, प्रतिष्ठानों के बड़े-बड़े भवनों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। होटलों के मैनेजरों को कोई संदिग्ध व्यक्ति रुकने पर पुलिस को फौरन सूचना देने को कहा गया है। ट्रैफिक एसपी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के साथ तीन से चार किमी के दायरे में एक सेक्टर प्रभारी रहेंगे जो यह देखेंगे कि कोई भी वाहन या ठेला-खोमचा सड़क पर न रहे।

## साइबर अपराधियों ने बैंक अकाउंट से उड़ाए 3.50 लाख

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में एक शख्स के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 3.50 लाख रुपए निकाल लिए। आरकेपुरम निवासी पीड़ित बर्फी राय ने थाने में लिखित आवेदन दिया है। केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

**अकाउंट में सिर्फ 18 रुपए बचे थेः** पीड़ित ने बताया कि पिकअप गाड़ी बेचकर 3 लाख 50 हजार रुपए बैंक में जमा किया था। 10 मई को जरूरत पड़ने पर पैसा निकालने के लिए बैंक पहुंचा था। जहां स्टाफ से जानकारी मिली कि अकाउंट में तो सिर्फ 18 रुपए बचे हैं। ट्रांजेक्शन डिटेल मांगने पर बताया गया कि 1 दिसंबर 2023 से अभी तक निफ्ट, यूपीआई और विभिन्न एटीएम से रुपयों की निकासी की गई है।



**किसी ने मेरा एटीएम कार्ड बदल लियाः** जब मैंने अपना एटीएम कार्ड चेक किया तो उस पर किसी मिथिलेश कुमार का नाम था। कुछ माह पूर्व सगुना मोड़ स्थित एटीएम से रुपए निकालने के लिए गया था, शायद उस समय ही किसी ने मेरा कार्ड बदल लिया होगा। मैं पढ़ना लिखना नहीं जानता हूं। मुझे केवल हस्ताक्षर ही करने आता है।

**केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही हैः** इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया की साइबर अपराधियों के द्वारा बैंक खाते से रुपए निकालने का मामला सामने आया है। लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।

## लगातार जनसंपर्क में जूटे है महागठबंधन के प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार

### वैश्य समाज के नेता समर्थन में कर रहें है बैठक

**एस गुप्ता मोतिहारी**

महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार ने पूर्वी चंपारण 03 लोकसभा क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क करते हुए जनता से मिल रहें है जहाँ युवा, महिला व बुजुर्ग मतदाताओं से क्षेत्र में उन्हें काफ़ी प्यार, सम्मान मिल रहा है।जिले के कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सह राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव के साथ उन्होंने शीतलपुर, व अन्य इलाकों में भर्मण किया, जहाँ सैकड़ों की संख्या में महागठबंधन के नेता समेत हजारों की संख्या में समर्थकों ने महागठबंधन समर्थित वीआईपी प्रत्याशी डा राजेश कुमार के चुनाव चिन्ह पर्स छाप पर बटन दबाकर जिताने का आह्वान किया। मौके पर प्रत्याशी राजेश कुमार ने कहा की युवाओं ने यह ठान लिया है की बदलाव होकर रहेगा।राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा की सांसद मोतिहारी के बंद पड़े चीनी मिल चालू नहीं कर पाए, किसान अपने बकाया राशि पाने के लिए आत्महत्या कर लिया लेकिन उनका बकाया राशि चीनी मिल का नहीं मिल पाया ,ऐसे निकम्मे संसद को जनता इस बार सबक सिखाने का काम कर रही है और मोतिहारी के विकास के लिए जनता इस बार डॉक्टर राजेश कुमार को अपना आशीर्वाद दे रही है। मुखिया राजू बैठा ने कहा की मोतिहारी के लखौरा, ढ़ेकहाँ, खजुरिया ,कोटवा ,पिपराकोठी, अरेराज, का दौरा लगातार किया जा रहा है उन्होंने बताया की लोग वर्तमान सांसद से छुब्ध है, जनता बदलाव चाहती है।लोग जगह-जगह अपने प्रत्याशी को फूल माला से स्वागत कर रहे है।



**वैश्य समाज के नेता समर्थन में कर रहें है बैठक-** लोकसभा क्षेत्र मोतिहारी में इसबार चुनाव काफ़ी रोचक और मजेदार होने जा रहा है क्यूँकि यहाँ हमेशा से वैश्य मतदाता भाजपा प्रत्याशी को साथ दिए है परन्तु इसबार तेली रौनीयार, कलवार, सोनार, हलुवाई, कानू समाज के लोग स्थानीय बीजेपी सांसद, विधायक से काफ़ी छुब्ध दिखाई दे रहें है,

## चिराग पासवान का प्रचार कर रहे पिकअप में तोड़फोड़

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली में चुनाव प्रचार के दौरान दबंगों ने चिराग पासवान की चुनावी प्रचार गाड़ी को जाने से रोक दिया। पोस्टर, बैनर भी फाड़ दिए। इस टोला में प्रचार गाड़ी नहीं लाने को कहा। दबंगों ने कहा कि यह यादव टोला है, यहां ये सब नहीं चलने वाला है। घटना हाजीपुर के राजापाकड़ थाना क्षेत्र की है। वहीं, वीडियो सामने आने के बाद लोजपा ने RJD पर जंगलराज और दबंगई का आरोप लगाया है। हाजीपुर से चिराग पासवान खुद चुनाव लड़ रहे और उनके खिलाफ RJD ने अपने पूर्व विधायक और मंत्री शिवचंद्र राम को मैदान में उतारा है। लड़ाई कांटे की बताई जा रही और लोजपा और RJD चुनावी जीत के लिए चुनाव प्रचार में जी जान लगाए हुए हैं। बताया गया कि राजापाकड़ में चिराग पासवान की चुनाव प्रचार गाडी गांव-गांव घूम रही थी। उसपर पार्टी का बैनर पोस्टर टंगा था और गाड़ी से समर्थन और वोट के लिए माइकिंग की जा रही थी। इसी बीच अचानक 3-4 लफंगों ने चिराग की प्रचार गाड़ी को घेर लिया। गाड़ी को गांव से बाहर जाने को कहते दिखा। प्रचार गाड़ी के साथ चल रहे समर्थक मिन्नत करते रहे, लेकिन लफंगों ने प्रचार गाड़ी पर लगे पोस्टर बैनर को फाड़ना शुरू कर दिया। बवाल और तोड़ फोड़ की तस्वीरें सामने आने के बाद लोजपा ने RJD पर परेशान करने का आरोप लगाया है।




Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Md. Kalam Sai @Kalam Dewan**, Ward No. 5 Bishambharpur, Majhauliya.
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Md. Kalam Sai @ Kalam Dewan** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM Bettiah , West Champaran | 889/2022 Majhauliya PS West Champaran | Wair for Cognizance | U/S 406,420,467 IPC Fraud |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Condidate: **Mohammad Soaib**, Ward No.-5 Chhawani Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Mohammad Soaib** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District and Session Judge Bettiah West Champaran | 758/2013 Bettiah Town West Champaran | Evidence | U/S147,148,232,149,341,325,447 ,302/34 IPC Assault and Murder |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

संक्षिप्त समाचार

# शैक्षणिक परिभ्रमण से होता है बौद्धिक विकास



**चाणक्य भूमि(मैना टांड़)मैनाटांड़**।मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण पर सरदार मंगल सिंह प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय प्लस टू की छात्राओं का दल शनिवार को लौरिया एवं वाल्मीकिनगर के लिए रवाना हुआ। छात्राओं के जत्थे को प्रधानाचार्य महमद अबुलैश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्राओं का बौद्धिक विकास होता है। और उनकी अभिरुचि ऐतिहासिक स्थलों के प्रति बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से पुरातन इतिहास को जानने और समझने का मौका मिलता है। जो बातें किताबों में पढ़ने को मिलती है वही चीज पर भ्रमण के दौरान छात्रों को नजदीक से देखने का मौका मिलता है। वहीं राज्य पार्षद प्रतिनिधि राजेश प्रसाद यादव ने बताया कि छात्रों के जत्थे को लौरिया और वाल्मीकिनगर का परिभ्रमण कराया जायेगा।परिभ्रमण पर जाने के समय छात्राओं में काफी खुशी देखी गयी। मौके पर शिक्षक राकेश कुमार,मोतीचंद, राजेश प्रसाद यादव, रामबाबू,सोहराब अंसारी,महमद अफजाल आलम,शिक्षिका श्वेता कुमारी,सरिता कुमारी,जूही कुमारी,पूजा कुमारी,रूची सहित छात्रायें शामिल रहीं।

# चंपारण के विकास के लिए मोदी है जरूरी - डॉ संजय जायसवाल

**चाणक्यभूमि बेतिया**। प.चम्पारण के वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज कहा है कि जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों के मिल रहे रुझान से यह साफ़ है कि यहां कमल खिलने से कोई रोक नहीं सकता. केवल चुनाव के समय दिखने वाले विपक्षी नेताओं की जनता पूछ भी नहीं रही. जनता समझ चुकी है कि चंपारण के विकास को बरकरार रखने के लिए मोदी बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि वास्तव में मोदी सरकार में हुए कामों से समाज के हर वर्ग को भरपूर फायदा हुआ है. जो क्षेत्र आजादी के दशकों बाद भी सड़क-बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे थे, वह आज विकास के प्रकाश से जगमगा रहे हैं. यहां से राजधानी पटना तक जाने का दिन भर का सफ़र अब चंद घंटों का रह गया है. बेतिया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल रहा है. इसके अतिरिक्त मोदी सरकार के कामों से ही चंपारण का खोया गौरव आज पुनर्बहाल हो रहा है. केंद्र सरकार से लोगों को मिले फायदे बताते हुए डॉ जायसवाल ने कहा कि इस लोकसभा में पूर्वी और पश्चिमी चंपारण यानी दोनों जिलों के क्षेत्र आते हैं. इसलिए दोनों को मिलाकर देखें तो पूरे चंपारण के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 3.70 लाख से अधिक लोगों को पक्का घर मिला है वहीं शहरी क्षेत्रों में 8303 परिवारों को इसका लाभ मिला है. इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के तहत 78 लाख 64 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड मिल चुका है. 12.32 लाख से अधिक माताओं बहनों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है, वहीं 16 लाख 20 हजार से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिये निशुल्क राशन मिल रहा है. इसी तरह 7.67 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6 हजार रु का लाभ मिल रहा है.कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का फोकस जहां विकास है वहीं कांग्रेस इस चुनाव में तुष्टिकरण के सहारे खड़ी है. यह जान चुके हैं कि उनके सनातन और गरीब विरोधी रवैए से जनता में काफी आक्रोश है. राम मन्दिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार कर इन्होने यह साबित कर दिया है कि उनके सनातनियों के वोट नहीं चाहिए. इसका परिणाम उन्हें इस चुनाव में भोगना ही पड़ेगा।

# हजारो की संख्या में ट्रेनी पत्रकार व युवक युवती हुए मीडिया साक्षर

**चाणक्य भूमि संपादक की विशेष रिपोर्ट**! पढ़ने वाले बच्चों के बीच एमए तक तथा नए एवं ट्रेनी पत्रकार के बीच मीडिया साक्षर हजारों के तादाद में बनाए गए है। इन बच्चों को "भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ" की ओर से अभियान के तहत मीडिया साक्षर बनाया गया है। इसमें वरीय पत्रकारो का काफी सहयोग मिला है। मीडिया साक्षर होने वाले बच्चों को समाचार बनाना, फेक न्यूज, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया क्या है, बनावटी फोटो, सोशल मीडिया पर अफवाह भरी खबरें, झूठी खबरों और उसकी जांच, दुष्प्रचार, गूगल न्यूज , इमेज सर्च, खबरों की पकड़ संबंधी चीजों को लेकर साक्षर किया गया है। पिछले दो वर्षों से शुरू किए गए अभियान में देश के कई राज्यों में भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के कार्यालय और स्कूलों में समय समय पर भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ की ओर से संचालित होता रहा है। पत्रकारो और मीडिया में काम कर रहे जानकारों, फेक न्यूज विशेषज्ञों की ओर से साक्षर किया गया है। और साक्षर करने की पहल जारी रहेगा। इस अभियान में पढ़ने वाले बचा तथा नए पत्रकार काफी उत्साह से ट्रेनिंग में भाग लिए और इस क्लास का काफी सरहाना भी किया है। भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामंत्री ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रेनिंग को समाचार से संबंधित गुमराह न हो देश की जनता। जिसे देखते हुए ट्रेनिंग को और प्रभावशाली बनाया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस की नजर

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भड़काऊ,आपत्तिजनक, पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई इसके लिये सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है आपत्तिजनक, भ्रामक, झूठे या दूसरे की भावना को ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। आपको बता दें कि पश्चिम चंपारण के लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल के विरुद्ध सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल किया गया। जिसकी प्राथमिकी भारतीय जनता पार्टी की ओर से पटना के कोतवाली थाने में दर्ज करायी गयी है। यह मामला पुलिस के दावे की पोल खोलता नजर आता है।

# घर से उठाकर अपराधी को दूसरे बदमाशों ने मारी गोली

वैशाली के मझौली गांव में घर से उठाकर सीएसपी केन्द्र लूट मामले में अपराधी को दो बदमाशों ने गोली मार दिया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया। वहां भी हालत खराब होने पर पटना पीएमसीएच में भेज दिया गया है। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गंगा घाट की है। घायल युवक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के मझौली गांव निवासी बलिराम राय के रूप में हुई है। वह थाना क्षेत्र के माइल गांव में स्थित सीएसपी केन्द्र लूट मामले में शामिल था। फिलहाल पांच महीने पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था।

# बेतिया नगर निगम में भ्रस्टाचार और लूट पर क्यूँ चुप है जनता

**वैसे तो देश का हर अधिकारी, जनप्रतिनिधि हो आम जनता जब तक आरोप सिद्ध नहीं हो जाता तब तक ईमानदार ही होता है और उसको भ्रष्टाचारी नहीं कहा जा सकता। परंतु हम बेतिया नगर निगम के अधिकारियों के कुछ कारनामों के आधार पर आपसे जानना चाहेंगे कि उनके इनके क्रियाकलापों को भ्रस्टाचार की किस श्रेणी में रखा जाय**

चाणक्य भूमि। बेतिया

बेतिया नगर के अधिकारियों के कारनामे जो हमारी नजरिए से उनके भ्रस्टाचार की कहानी कहते दिखाई देते है। यह कहना सही होगा कि बेतिया नगर के अधिकारी दिन रात नगर की जनता के विकास की योजनाओं को बनाने और क्रियान्वित करने में लगे रहते है परंतु इसका फायदा जनता को पूरा नहीं मिलता तो दोष किसका ? ?

**पहला आखिर** क्या वजह है कि बेतिया नगर निगम क्षेत्र की जनता के लिये नगर निगम की जल नल योजना एक अबूझ पहेली बनी हुई है। कई सालों से चल रही इस योजना का लाभ अभी तक कितनी जनसँख्या को मिला यह शायद ही किसी को पता हो परंतु इसकी वजह से कितनी ही सड़के और गलियाँ जनता के लिये डॉक्टरों के यहाँ जाने का कारण बनी इसका अंदाजा अधिकारियों को है या नहीं ये तो यही जानते है। परंतु जनता के हित मे काम करने वाले अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इसकी कितनी चिन्ता है यह चाणक्य भूमि को बताने की जरूरत नहीं है। और अगर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण देखना हो तो बेतिया नगर निगम का सबसे व्यस्ततम चौराहा सोवा बाबु चौक पर आकर देखा जा सकता है।

**दूसरा बेतिया** नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जनता के लिये किये जाने वाले कार्यो में प्रमुख है सड़क और नालियों का निर्माण जो कि नगर निगम के बजट को सबसे बड़े हिस्से को खर्च करता है। परन्तु अधिकारी और जनप्रतिनिधियों द्वारा जितनी भी गुणवत्ता की बातें की जाय पर हकीकत तो यह है कि अधिकाँश सड़के ईमानदार लोगों के भ्रस्टाचार की चढी हुई है। कुछ सड़कें तो ऐसी है जो इनके भ्रस्टाचार की मिशाल बनी और महीनों भी नहीं चली और अधिकारियों की जानकारी में आने के बाद भी इस लूट के जिम्मेदार लोगों पर किसी तरह की जाँच नहीं होना भी किस ओर इशारा करता है यह हमे बताने की जरूरत नहीं है। इसका साफ़ साफ़ उदाहरण सशक्त समिति के सदस्य वार्ड पार्षद के वार्ड में बनी सड़क और वार्ड 6 में बनी सड़के है।

परन्तु आखिर में एक बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर इन सब मुद्दो पर जनता आखिर चुप क्यों है आपके इस सवाल का जवाब हम अगले अंक में देंगे कि कैसे आवाज उठाने वाले लोगों को प्रताडित किया जाता है जिसकी वजह से इनके भ्रस्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग चुप क्यूँ हो जाते है।




# अपर समाहर्त्ता ने अंचल अधिकारी को मीना बाजार की पैमाईश कर रिपोर्ट देने को कहा

**अपर समाहर्त्ता ने अंचलाधिकारी को मीना बाजार खास महाल की आवंटित दुकानो की पैमाईश कर सर्वेक्षण सूची तुरंत उपलब्ध कराने को कहा ताकि अवैध निर्माण के साथ ही खरीद बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके**



मोतिहारी से सिद्धांत कुमार की विशेष रिपोर्ट

**मोतिहारी** शहर के हृदय स्थली मीना बाजार स्थित खास महाल की आवंटित दुकानो की पैमाईश कर सर्वेक्षण सूची उपलब्ध कराने का निर्देश अपर समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण ने अंचल अधिकारी सदर मोतिहारी को निर्देश दिया है।जानकारी के अनुसार जिले के अपर समाहर्त्ता ने विभागीय पत्र द्वारा आदेश दिया है की उक्त स्थल पर राजस्व कर्मचारी एवं सरकारी चयनित अमीन द्वारा सर्वेक्षण टीम गठित कर मीना बाजार स्थित खास महाल की भूमि पर आवंटित दुकानों का सर्वे कर भूमि का पैमाईश एवं अवैध दुकानदारों तथा लीजधारी दुकानदारों से संबंधित चौहदी धारित रकबा (धुर, डी० एवं वर्ग फीट) सहित प्रतिवेदन अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।वहीं उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा की बाजार के कई दुकानो का लीज / किराया निर्धारण लंम्बित है। अतः अविलम्ब सर्वेक्षण अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाय, ताकि दुकानों का लीज / किराया निर्धारण किया जा सके। खास महाल की भूमि पर आवंटित दुकानों का सर्वे कर भूमि की पैमाईश एवं अवैध दुकानदारों तथा लीज भारी दुकानदारों से संबंधित चौहदी धारित रकबा( धुर डी०/वर्गफीट) का प्रतिवेदन अविलंब समर्पित करने का आदेश के बाद से अवैध खरीद बिक्री करने वालों में भय व्याप्त है। मोतिहारी नगर निगम वार्ड नंबर 15, स्थायी समिति के पार्षद प्रतिनिधि आजम रशीद कुरैशी, राजद नेता इमाम हुसैन ने कहा की आदेश के बावजूद अबतक अंचलाधिकारी के माध्यम से कारवाई नहीं कराया गया है, जो सरकारी कार्य के उदासीनता, एवं लापरवाही का द्योतक है।उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया की अवैध निर्माण के साथ ही खरीद बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ।

# मतदान केन्द्रों का विशेष सामान्य पर्यवेक्षक ने किया निरीक्षण

## विशेष सामान्य पर्यवेक्षक के साथ एसडीएम डीएसपी बीडीओ सहित जिले के अन्य अधिकारी रहे मौजूद

चाणक्यभूमि



**बगहा**। आगामी 25 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के निरीक्षण करने के लिए शनिवार को चुनाव आयोग के विशेष सामान्य पर्यवेक्षक मंजीत सिंह वाल्मीकिनगर पहुंचे। उन्होंने वाल्मीकिनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक मंजीत सिंह ने मतदान कर्मियों के लिए पेयजल,आवास एवं मतदाताओं के लिए धूप से बचाव को लेकर मतदान परिसर में टेंट की व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर हाल में मतदान करने वाले लोगों के लिए पानी और छाया की व्यवस्था करना है। नदी घाटी योजना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में मौजूद व्यवस्थाओं से सामान्य पर्यवेक्षक मंजीत सिंह काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को घर घर जाकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश भी दिया। उनके साथ बगहा एसडीएम अनुपमा सिंह, डीएसपी कुमार देवेन्द्र,बीडीओ जयराम चौरसिया, इंस्पेक्टर विजय प्रसाद राय सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# ट्रक के धक्का से बाइक सवार महिला घायल

## नानोसती चौक के निकट की घटना



चाण्क्य भूमि(नानोसती)

**ट्रक चालक गिरफ़्तार, घायल महिला जीएमसीएच में भर्ती**

**नानोसती**।शनिवार को एनएच 727 के नानोसती चौक के निकट ट्रक के धक्का से बाइक पर सवार महिला अनिता देवी नीचे गिर गयी और उनके दाहिने हाथ पर ट्रक का पिछला पहिया बह गया।नतीजतन हथेली बुरी तरह कुचल गया। नानोसती पुलिस चौकी के कर्मियों ने आनन फानन में घायल महिला को जीएमसीएच बेतिया भेजा तथा क्षतिग्रस्त बाइक और ट्रक को अपने कब्जे में लिया है। साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है।तृक अहवर कुड़िया निवासी रज्जाक मियां की बतायी गयी है।इस घटना के बाद नानोसती चौक पर बड़ी भीड़ जुट गयी।भीड़ को हटाने में पुलिस को बड़ी मशकत करनी पड़ी।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि आवेदन मिलने पर एफआईआर किया जायेगा।घायल महिला छपरा बहास की रहनेवाली है।वह करमवा जा रही थी।बाइक चालक नंदू कुमार भी आंशिक रूप से घायल हो गया ।

# समकालीन अभियान के तहत एक वारंटी गिरफ्तार।

चाणक्य भूमि

**बैरिया**।बैरिया थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बैरिया चूड़िहारवा टोला से समकालीन अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए बैरिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी पर न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत था। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उमेश राम के रूप में हुई है। पुलिस मामले में अग्रसारित कार्रवाई करते हुए न्यायालय में भेज दिया है।



























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714